बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-216
26/04/2020

मुख्यमंत्री ने कोविड–19 की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की

- बाहर से आये लोगों की सघन जॉच एवं सतत् निगरानी जरूरी है। उनके स्वास्थ्य परीक्षण पर ध्यान दें और हेल्थ रिपोर्ट पर भी नजर बनाये रखें। लोग अपनी ट्रैवल हिस्ट्री न छिपायें, सामान्य सर्दी, खांसी और बुखार के लक्षण दिखने पर तुरंत जॉच करायें

- टेस्टिंग फैसिलिटी की संख्या और बढ़ाई जाय। तेजी से कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग, सैंपल कलेक्शन और टेस्टिंग की जाय ताकि समय रहते कोरोना चेन को तोड़ा जा सके

- स्वास्थ्य विभाग हरसंभव स्रोत से वेंटिलेटर, टेस्टिंग किट, पी0पी0ई0 किट, दवाओं एवं जरूरी उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करे ताकि आवश्यकतानुसार समुचित उपयोग हो सके, इसके लिये राशि की कोई कमी नहीं होने दी जायेगी। अभी भी कोरोना उन्मूलन कोष में पर्याप्त राशि उपलब्ध है

- कोरोना संक्रमण के साथ–साथ ए0ई0एस0, जे0ई0, बर्ड फ्लू एवं स्वाइन फीवर को लेकर भी पूरी सतर्कता बरती जाय

- कोरोना संक्रमित लगातार ठीक होकर घर जा रहे हैं। लोग धैर्य रखें, सचेत रहें और सतर्क रहें

पटना, 26 अप्रैल 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुख्य सचिव एवं वरीय अधिकारियों के साथ कोविड–19 के संबंध में अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की।

समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि राज्य में बाहर से आये लोगों की सघन जॉच एवं सतत् निगरानी जरूरी है। उनके स्वास्थ्य परीक्षण पर ध्यान दें और हेल्थ रिपोर्ट पर भी नजर बनाये रखें। लोग अपनी ट्रैवल हिस्ट्री न छिपायें, सामान्य सर्दी, खांसी और बुखार के लक्षण दिखने पर तुरंत जॉच करायें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी छह जगहों पर टेस्टिंग करायी जा रही है। उन्होंने कहा कि तेजी से कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग, सैंपल कलेक्शन और टेस्टिंग होने से ही समय रहते कोरोना चेन को तोड़ा जा सकेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग हरसंभव स्रोत से वेंटिलेटर, टेस्टिंग किट, पी0पी0ई0 किट, दवाओं एवं जरूरी उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करे ताकि आवश्यकतानुसार समुचित उपयोग हो सके, इसके लिये राशि की कोई कमी नहीं होने दी जायेगी। अभी भी कोरोना उन्मूलन कोष में पर्याप्त राशि उपलब्ध है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुये कहा कि कोरोना संक्रमण के साथ–साथ ए0ई0एस0, जे0ई0, बर्ड फ्लू एवं स्वाइन फीवर को लेकर भी पूरी सतर्कता बरती जाय।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व में यह ट्रेंड देखने को मिल रहा था कि पहले विदेश से आये हुये लोग संक्रमित हुये, उसके बाद उनके कॉन्टैक्ट्स के लोग संक्रमित पाये गये। संक्रमण की इस चेन को बहुत हद तक तोड़ा जा चुका है किंतु अब नया ट्रेंड मिल रहा है कि जो प्रवासी मजदूर अथवा राज्य के बाहर से लोग आये हैं, उनमें संक्रमण पाया जा रहा है और उनके माध्यम से यह लोगों में फैल रहा है। उन्होंने कहा कि इसके लिये सघनता से डोर टू डोर स्क्रीनिंग आवश्यक है ताकि कोरोना संक्रमण के इस नये ट्रेंड को नियंत्रित किया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना से संक्रमित मरीज लगातार ठीक होकर अपने घर जा रहे हैं। लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। लोग सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते रहें। धैर्य रखें, सचेत रहें, सतर्क रहें, तभी स्वस्थ रहेंगे।

******